1 **आबादी देह**→ गॉव का बसा हुआ क्षेत्र ।

2 **मौजा**→ ग्राम

3 **हदबस्त** →त्हसील में गॉव का सिलसिलावार नम्बर ।

4 **मौजा बेचिराग** →बिना आबादी का गॉव ।

5 **मिसल हकीयत**→ बन्दोबस्त के समय विस्तारपूर्वक तैयार की गई जमाबन्दी ।

6 **जमाबन्दी**→ भूमि की मलकियत व बोने के अधिकारों की पुस्तक ।

7 **इन्तकाल** →मलकियत की तबदीली का आदेश ।

8 **खसरा गिरदावरी**→ खातेवार मलकियत,बोने व लगान का रजिस्टर ।

9 **लाल किताब** →गॉव की भूमि से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी देने वाली पुस्तक ।

11 **शजरा नसब**→ भूमिदारों की वंशावली ।

12 **पैमाईश** →भूमि का नापना ।

13 **गज** →भूमि नापने का पैमाना ।

14 **अडडा** →जरीब की पडताल करने के लिए भूमि पर बनाया गया माप ।

15 **जरीब** →भूमि नापने की 10 कर्म लम्बी लोहे की जंजीर ।

16 **गठठा** →57.157 ईंच जरीब का दसवां भाग ।

17 **क्रम** →66 ईंच लम्बा जरीब का दसवां भाग ।

18 **क्०्रास** →लम्ब डालने के लिए लकडी का यन्त्र ।

19 **झण्डी** →लाईन की सीधाई के लिए 12 फुट का बांस ।

20 **फरेरा**→ दूर से झण्डी देखने के लिए बांस पर बंधा तिकोना रंग बिरंगा कपडा ।

21 **सूए** →पैमाईश के लिए एक फुट सरिया ।

22 **पैमाना पीतल** →म्सावी बनाने के लिए पीतल का बना हुआ ईंच ।

23 **म्ुसावी**→ मोटे कागज पर खेतों की सीमायें दर्शाने वाला नक्शा ।

24 **शजरा**→ खेतों की सीमायें दिखाने वाला नक्शा ।

25 **शजरा किस्तवार**→ टरैसिंग क्लाथ या टरैसिंग पेपर पर बना हुआ खेतों का नक्शा

26 **शजरा पार्चा**→ कपडे पर बना खेतों का नक्शा ।

27 **अक्स शजरा** →शजरे की नकल **.**प्रति॰

28 **फिल्ड बुक** →खेतों के क्षेत्रफल की विवरण पुस्तिका ।

29 **बीघा** → 40ग40 वर्ग करम त्र4 बीघे का खेत ।

30 **मुरब्बा**→ 25 किलों की समूह यानि 200 कनाल

31 **मुस्ततील**→ 25 एकड का समूह यानि 200 कनाल

32 **इस्तखराज** →नम्बर की चारों भुजाओं की लम्बाई व चौडाई क्षेत्रफल निकालना

33 **रकबा**→ खेत का क्षेत्रफल

34 **किस्म जमीन** →भूमि की किस्म

35 **जमीन सफावार** →खेतों का पृष्ठवार जोड

36 **थ्मजान खातावार** →जेतवार जोड

37 **मिजान कुलदेह**→ गॉव के कुल क्षेत्रफल का जोड

38 **जोड किस्मवार** →गॉव की भूमि का किस्मवार जोड

39 **गोशा** →खेत का हिस्सा

40 **त्तीमा** →खेत का बांटा गया भाग

41 **व्तर** →कर्ण

42 **बिसवांसी** →57.157 ईंच कर्म का वर्ग

43 **बिसवा**→ 20 बिसवांसी

44 **बिघा** →20 बिसवा

45 **म्रला** →9 सरसाही बारबर 30-1@4 वर्ग गज त्र1@20

46 **क्नाल** →20 मरले 605त्र वर्ग गज त्र1@8 एकड

47 **एकड** →एक किला **.**40 करमग 36 करम॰ 4 बीघे॰ 16 बिसवेत्र**.**4840 वर्ग गज॰

49 **शर्क** →पूर्व

50 **गर्व**→ प्श्चिम

51 **जनूब**→ दक्षिण

52 **शुमाल**→ उत्तर

53 **खेवट**→ मलकियत का विवरण

54 **खतौनी**→ कशतकार का विवरण

55 **पत्ती तरफ ठोला**→ गाँव में मालकों का समूह

56 **गिरदावर.कानूनगो॰**→ पटवारी के कार्य का निरीक्षण करने वाला

57 **दफतर कानूनगो** →तहसील कार्यालय का कानूनगो

58 **नायब दफतर कानूनगो**→ सहायक दफतर कानूनगो

60 **सदर कानूनगो**→ जिला कार्यालय का कानूनगो ।

61 **वासल वाकी नवीस**→ राजस्व विभाग की वसूली का लेखा रखने वाला कर्मचारी

62 **मालिक**→ भूमि का भूःस्वामी

63 **कास्तकार**→ भूमि को जोतने वाला एवं कास्त करने वाला ।

64 **मालक कब्जा** →मालिक जिसका शामलात में हिस्सा न हो ।

65 **मालक कामिल**→ मालिक जिसका शामलात में हिस्सा हो

66 **शामलात** →सांझी भूमि

67 **शामलात देह**→ गाँव की शामलात भूमि

68 **शामलात पाना** →पाने की शामलात भूमि

69 **शामलात पत्ती** →पत्ती की शामलात भूमि

70 **शामलात ठौला** →ठोले की शामलात भूमि

71 **मुजारा**→ भूमि को जोतने वाला जो मालिक को लगान देता हो ।

72 **मौरूसी** →बेदखल न होने वाला व लगान देने वाला मुजारा

73 **गैर मौरूसी** →बेदखल होने योग्य कास्तकार

74 **छोहलीदार** →जिसको भूमि दान दी जावे ।

76 **नहरी** →नहर के पानी से सिंचित भूमि ।

77 **चाही नहरी**→ नहर व कुएं द्वारा सिंचित भूमि

78 **चाही** →कुएं द्वारा सिंचित भूमि

79 **चाही मुस्तार** →खरीदे हुए पानी द्वारा सिंचित भूमि ।

80 **बरानी**→ वर्षा पर निर्भर भूमि ।

81 **आबी** →नहर व कुएंे के अलावा अन्य साधनों से सिंचित भूमि ।

82 **बंजर जदीद**→ चार फसलों तक खाली भूमि ।

83 **बंजर कदीम** →आठ फसलों तक खाली पडी भूमि ।

84 **गैर मुमकिन** →कास्त के अयोग्य भूमि ।

85 **नौतौड**→ कास्त अयोग्य भूमि को कास्त योग्य बनाना ।

86 **क्लर** →शोरा या खार युक्त भूमि ।

87 **चकौता** →नकद लगान ।

88 **सालाना** →वार्षिक

90 **बटाई** →पैदावार का भाग ।

91 **तिहाई** →पैदावार का 1@3 भाग ।

92 **निसफी**→ पैदावार का 1@2 भाग ।

93 **पंज दुवंजी**→ पैदावार का 2@5 भाग ।

94 **चहाराम** →पैदावार का 1@4 भाग ।

95 **तीन चहाराम**→ पैदावार का 3@4 भाग ।

97 **मुन्द्रजा**→ पूर्वलिखित **.**उपरोक्त॰

98 **मजकूर**→ चालू

99 **राहिन** →गिरवी देने वाला ।

100 **मुर्तहिन** →गिरवी लेने वाला ।

101 **बाया** →भूमि बेचने वाला ।

102 **मुस्तरी** →भूमि खरीदने वाला ।

103 **वाहिब** →उपहार देने वाला ।

104 **मौहबईला** →उपहार लेने वाला ।

105 **देहिन्दा**→ देने वाला ।

106 **गेरिन्दा** →लेने वाला ।

107 **लगान**→ मुजारे से मालिक को मिलने वाली राशी या जिंस

108 **पैमाना हकीयत** →शामलात भूमि में मालिक का अधिकारी ।

109 **सरवर्क** →आरम्भिक पृष्ठ ।

110 **इण्डैक्स**→ पृष्ठ वार सूची ।

115 **नक्शा कमीबेशी** →पिछली जमाबन्दी के मुकाबले में क्षेत्रफल की कमी या वृद्वि

118 **वाजिबुलअर्ज**→ ग््रामवासियों के ग्राम सम्बन्धी रस्में रीति रिवाज ।

119 **थ्वरासत**→ उत्तराधिकार ।

121 **मुतवफी** →मृत्क

122 **हिब्बा** →उपहार ।

123 **बैयहकशुफा** →भूमि खरीदने का न्यायालय द्वारा अधिकार ।

124 **श्रहन बाकब्जा** →कब्जे सहित गिरवी ।

125 **आड रहन** →बिला कब्जा गिरवी ।

127 **रहन दर रहन** →मुर्तहिन द्वारा कम राशि में गिरवी रखना ।

128 **सैंकिण्ड रहन** →राहिन द्वारा मुर्तहिन के ईलावा किसी अन्य के पास गिरवी रखना ।

129 **फकुल रहन** →गिरवी रखी भूमि को छुडा लेना ।

133 **तबादला** →भूमि के बदले भूमि लेना ।

134 **बैय** →जमीन बेच देना

138 **पडत सरकार** →राजस्व रिकार्ड रूम में रखी जाने वाली प्रति ।

139 **पडत पटवार**→ रिकार्ड की पटवारी के पास रखी जाने वाली प्रति ।

140 **मुसन्ना**→ असल रिकार्ड के स्थान पर बनाया जाने वाला रिकार्ड ।

141 **फर्द** →नकल

142 **फर्द बदर** →राजस्व रिकार्ड में हुई गलती को ठीक करना ।

143 **मिन** →भाग

144 **गिरदावरी** →खेतों का फसलवार निरीक्षण ।

145 **जिंसवार** →फसलवार जिंसों का जोड

147 **फसल खरीफ** →सावनी की फसल

148 **खराबा**→ प््रााकृिितक आपदा से खराब हुई फसल ।

149 **फसल रबी**→ आसाढी की फसल ।

150 **पुख्ता औसत झाड**→ पैदावार के अनुसार पक्की फसल

151 **साबिक**→ भूतपूर्व, पूर्व,पुराना ।

152 **हाल** →वर्तमान, मौजूदा ।

153 **बदस्तूर** →जैसे का तैसा .पूर्ववत。

154 **तकावी** →फसल ऋण ।

155 **कुर्की** →अटैचमैन्ट

156 **दसतक** →राईट आफ डिमाण्ड

157 **नीलाम** →खुली बोली द्वारा बेचना ।

158 **बिला हिस्सा** →जिसमें भाग न हो ।

159 **मिन जानिब** →की ओर से ।

160 **बनाम**→ के नाम ।

161 **जलसाआम** →जनसभा ।

162 **बशनाखत** →की पहचान पर ।

163 **पिसर या वल्द** →पुत्र

164 **दुखतर**→ सुपुत्री

165 **वालिद**→ पिता

166 **वालदा** →माता

167 **बेवा** →विधवा

168 **वल्दीयत** →पिता का नाम

169 **हमशीरा**→ बहन

172 **हद**→ सीमा

173 **हदूद**→ सीमायें

174 **सेहहदा** →तीन गॉवों की एक स्थान पर मिलने वाली सीमाओं पर पत्थर

175 **बखाना कास्त** →कास्त के खाने में दर्ज ।

176 **सकूनत**→ निवास स्थान

177 **महकूकी** →काटकर दोबारा लिखना

178 **मसकूकी** →बिना काटे पहले लेख पर दोबारा लिखना

179 **बुरजी**→ सरवेरी सर्वेक्षण का पत्थर

180 **चक तशखीश** →बन्दोबस्त के दौरान भूमि की पैदावार के अनुसार तहसील की भूमि का निरधारण

181 **दो फसली** →वर्ष में दो फसलें उत्पन्न करने वाली भूमि

183 **मेण्ड** →खेत की सीमा

184 **गोरा देह भूमि** →गाँव के साथ लगती भूमि

185 **हकदार**→ मालिक भूमि

186 **इकरारनामा** →आपसी फैसला

190 **खुशहैसियत** →अच्छी हालत

191 **महाल** →ग्राम

192 **कलां** →बडा

193 **खुर्द** →छोटा

194 **जदीद** →नया

195 **मालगुजारी** →भूमिकर

196 **तरमीम**→ बदल देना

197 **गोत**→ वंश का गोत्र

198 **जमां** →भूमि कर

199 **झलार** →नदी नाले से पानी देने का साधन

201 **कारगुजारी** →प्रगति रिपोर्ट

202 **खाका** →प्रारूप